Fourteenth Loksabha

Session : 7
Date : 20-03-2006

Participants : Thummar Shri Virjibhai

an>

Title : Need to set up a F.M. Radio Station in Amreli Parliamentary Constituency, Gujarat.

श्री वी.के. दुम्मर (अमरेली) : अध्यक्ष महोदय, मैं अपने संसदीय क्षेत्र अमरेली में एफ.एम. रेडियो स्टेशन स्थापित करने हेतु संसद में कई बार अनुरोध कर चुका हूं। मेरे संसदीय क्षेत्र में खेतिहर मजदूर एवं किसानों की संख्या बहुत ज्यादा है, जिनके पास मनोरांजन के साधन नहीं हैं और यह क्षेत्र गुजरात के अन्य हिस्सों से ज्यादा पिछड़ा हुआ है। गुजरात के अन्य हिस्सों में एफ.एम. रेडियो स्टेशन स्थापित हो गये हैं, परन्तु मेरे संसदीय क्षेत्र में एफ.एम. की सुविधायें अभी तक उपलब्ध नहीं हो पायी हैं, जिसके कारण यहां के लोग मुझ से पूछते हैं कि अन्य क्षेत्रों में एफ.एम की सुविधा मिल रही है तो अमरेली जिले को क्यों नहीं मिल पा रही है। मेरे संसदीय क्षेत्र अमरेली के तहसील लाठी, लीलिया, दामनगर, बगसरा, धारी वडीया कुकावाव, बाबरा, चितल में अभी तक एफ.एम की सुविधा नहीं है।

सदन के माध्यम से केन्द्र सरकार से अनुरोध है कि विशे परिस्थितियों में मेरे संसदीय क्षेत्र अमरेली में एफ. एम रेडियो स्टेशन स्थापित किया जाये।